# शटडाउन खत्म करने अड़चनें कई

**सत्तापक्ष रिपब्लिकन और विपक्षी डेमोक्रेट के बीच सहमति**



**वाशिंगटन, 10 नवंबर. अमेरिका में जारी शटडाउन को समाप्त करने के लिए सत्तापक्ष रिपब्लिकन और विपक्षी डेमोक्रेट के बीच सहमति के बाद सीनेट में एक समझौता पारित हो गया है.**

इसके बाद भी शटडाउन को खत्म करने के लिए कुछ और बाधाएं भी पार करनी शेष हैं. इस शटडाउन के 40 दिनों के गतिरोध को दूर करने की दिशा में दोनों दलों में हुयी बातचीत के बाद,कुछ डेमोक्रेट्स ने रिपब्लिकन के साथ मिलकर समझौते के पक्ष में मतदान किया. यह मतदान सरकार को पैसा मुहैया कराने के लिए एक समझौता पारित करने की दिशा में पहला प्रक्रियात्मक कदम है. गतिरोध भले ही कमजोर हो गया हो लेकिन संघीय कर्मचारियों और सेवाओं की बहाली से पहले कई और बाधाओं को पार करनी होंगी. इनमें प्रतिनिधि सभा का मतदान भी शामिल है. वर्तमान शटडाउन अमेरिका में अब तक का सबसे लंबा शटडाउन रहा है. एक अक्टूबर से कई सरकारी सेवाएं और भुगतान निलंबित हैं और 14 लाख केंद्रीय कर्मचारी अवैतनिक अवकाश पर हैं या बिना वेतन के काम कर रहे हैं. इस बंद का कई सेवाओं पर भी व्यापक प्रभाव पड़ा है.

> रिपब्लिकन के पास सीनेट में 53-47 का बहुमत अवश्य है लेकिन इस विधेयक के लिए न्यूनतम 60 वोटों की सीमा पार करने की आवश्यकता थी. वे डेमोक्रेटस के आठ वोट हासिल करने में सफल रहे. इस समझौते में दिसंबर में स्वास्थ्य सेवा सब्सिडी बढ़ाने पर मतदान के बनी सहमति शामिल है. यह सरकारी सहायता इस साल समाप्त होने वाली है. डेमोक्रेटस इसमें रियायतों की मांग कर रहे थे. डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने कहा था कि वे सरकारी कार्यों के लिए नए वित्तपोषण को तब तक समर्थन नहीं देंगे.

## नीति निर्माण में जनता की भागीदारी से तेज होगा विकास : बिरला

**नई दिल्ली, 10 नवंबर.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि विकास की नीतियों और रूपरेखा निर्माण में जितनी जनता की भागीदारी होगी वह प्रदेश उतना ही अधिक विकसित हो पाएगा. श्री बिरला ने कोहिमा स्थित नागालैंड की विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन के 22वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद कहा कि विकास की नीतियों और योजनाओं में जनता की भागीदारी हो, इसके लिए हमारी विधानसभाएं उत्प्रेरक की भूमिका निभाती हैं. उन्होंने कहा कि विकास की नीतियों और रूपरेखा निर्माण में जितनी जनता की भागीदारी होगी.

# त्रिशूल अभ्यास में सैनिकों ने दिखाए जौहर



**नई दिल्ली 10 नवम्बर. भारत में तीनों सेनाओं के अब तक के सबसे बड़े सैन्य अभ्यास त्रिशूल में सेनाओं के बीच बेजोड़ तालमेल, अंतरसंचालन और साझा शक्ति की क्षमता का नमूना देखने को मिला.**

नौसेना ने सोमवार को बताया कि राजस्थान, गुजरात और उत्तरी अरब सागर में हुए इस संयुक्त अभ्यास में या कि यह संयुक्त अभ्यास में सेना, नौसेना और वायु सेना के 30 हजार से ज्यादा अधिकारियों तथा सैनिकों ने अपने जौहर दिखाए. अभ्यास में वायु सेना के 40 से ज़्यादा विमानों और सहायक ग्राउंड सिस्टम, और तीनों सेवाओं के स्वदेशी हथियारों तथा प्लेटफॉर्म ने हिस्सा लिया.

> अभ्यास के दौरान सेना ने रण और क्रीक सेक्टर में अभ्यास ब्रह्माशिरा भी किया जिसमें तीनों सेवाओं, भारतीय तटरक्षक बल और सीमा सुरक्षा बल को नागरिक प्रशासन के साथ सहज समन्वय में एक साथ लाकर जमीन, समुद्र और हवा में एकीकृत क्षमताओं को प्रमाणित किया गया. अभ्यास में सेना की एक दशक लंबी परिवर्तन की यात्रा की झलक देखने को मिली जिसमें अत्याधुनिक संयुक्त नियंत्रण केंद्र और बहु-डोमेन संचालन के लिए जरूरी मजबूत संचालन बुनियादी ढांचा शामिल था.

## वसुधैव कुटुम्बकम की भावना भारत के अंतरराष्ट्रीय सहयोग का मार्गदर्शक



**नई दिल्ली, 10 नवम्बर. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ रहा है और समूचे विश्व को परिवार मानने की उसकी भावना अंतर्राष्टीय सहयोग का मार्गदर्शक सिद्धांत बनी रहेगी.** उन्होंने कहा कि भारत अफ्रीका में चले आ रहे संघर्षों के समाधान के लिए अंगोला के शांति प्रयासों की सराहना करता है. दक्षिणी अफ्रीकी राष्ट्र अंगोला की यात्रा पर गयी श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को लुआंडा में अंगोला की संसद में अपने संबोधन में कहा कि भारत की समूचे विश्व को परिवार मानने की पुरानी परंपरा रही है और यही उसके अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का सिद्धांत है. उन्होंने कहा, भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से अग्रसर है. हमारी प्राचीन फिलॉस्फी की भावना वसुधैव कुटुम्बकम अर्थात् विश्व एक परिवार है हमारे अंतरराष्ट्रीय सहयोग का मार्गदर्शक सिद्धांत बनी रहेगी.

## प्रधानमंत्री ने कवि आंदे श्री के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली, 10 नवंबर.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रखर कवि और विचारक आंदे श्री के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया. उन्होंने कहा है कि उनके निधन से हमारे सांस्कृतिक और बौद्धिक परिदृश्य में बड़ी रिक्तता उत्पन्न हो गई है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में लिखा, आंदे श्री के विचार तेलंगाना की आत्मा को प्रतिबिंबित करते थे। प्रखर कवि और विचारक होने के नाते, वे लोगों की आवाज थे और उनके संघर्षों, आकांक्षाओं और अमर भावना को व्यक्त करते थे। उनके शब्दों में हृदय को झकझोरने, लोगों को एकजुट करने और समाज की सामूहिक मानसिकता को आकार देने की शक्ति थी.

# सड़क हादसों पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**एनएचएआई और सड़क परिवहन मंत्रालय से सर्वे रिपोर्ट मांगी**

**नई दिल्ली, 10 नवबंर. राजस्थान के फलोदी में 2 नवंबर को हुए भीषण सड़क हादसे के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को कड़ी फटकार लगाई है.**

अदालत ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, और गृह मंत्रालय को नोटिस जारी करते हुए दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है. कोर्ट ने निर्देश दिया कि संबंधित मंत्रालय हादसों वाले मार्गों का विस्तृत सर्वे कर रिपोर्ट दाखिल करें और यह भी बताएं कि एक्सप्रेस हाईवे के किनारे कितने ढाबे या व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित हो रहे हैं और



क्या उन्हें वैध अनुमति मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान और तेलंगाना के मुख्य सचिवों को भी तलब किया है, साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता आत्माराम नाडकर्णी को मामले में अमिकस क्यूरी (न्याय मित्र) नियुक्त किया गया है. अदालत ने कहा कि यदि इन हादसों की रिपोर्ट में लापरवाही पाई गई, तो जांच का दायरा देशभर के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों तक बढ़ाया जाएगा.

> **हाइवे किनारे संचालित ढाबों पर मांगी रिपोर्ट**
> उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान और तेलंगाना में घटित सड़क दुर्घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में राजमार्गों और वहां संचालित ढाबों की स्थिति पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के सोमवार को निर्देश दिए। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और विजय बिश्नोई की पीठ ने दो सप्ताह के भीतर एक सर्वेक्षण किए जाने के निर्देश दिए,

## जैसलमेर-नेहड़ाई में एटीएम उठाकर ले गए नकाबपोश

**जैसलमेर, 10 नवंबर. राजस्थान के जैसलमेर जिले के नेहड़ाई क्षेत्र में शनिवार-रात को एक बेहद संगठित और डरावनी घटना सामने आई है.**

स्थानीय निवासी रात करीब 12-30 बजे जब सो रहे थे, तो 5-6 नकाबपोश बदमाश बोलेरो वाहन में आए और वहां स्थित शद्ध एटीएम बूथ को निशाना बनाया. चोरों ने सबसे पहले एटीएम की सीसीटीवी मशीन पर छिड़काव कर विजिबिलिटी को 'ज़ीरो' कर दिया, फिर वाहन के सहारे मशीन को खींचकर उखाड़ लिया. इस दौरान मशीन में लगभग 11 लाख की नकदी होने की बैंक के शुरुआती आंकड़ों में जानकारी है. घटना की खबर सुबह लोगों ने बैंक के एटीएम बूथ पर टूटे दरवाजे व गायब मशीन देखकर दी. इस वारदात ने ग्रामीण क्षेत्र में एटीएम सुरक्षा की कमजोरी और गुज़रती रातों की अबूझ चुनौतियों पर सवाल खड़ा कर दिया है. शनिवार की रात 12.30 बजे राजस्थान के जैसलमेर जिले के नेहड़ाई गांव में स्थित एसबीआई शाखा के एटीएम बूथ में घनी अँधेरी का फायदा उठाकर चोरों ने धाँधली भरी चोरी को अंजाम दिया. अपनी पहचान छुपाए रखे नकाबपोश लोगों ने एटीएम परिसर में प्रवेश किया — पहले सीसीटीवी कैमरों पर स्प्रे कर विजिबिलिटी कम की, फिर बोलेरो गाड़ी से मशीन को पट्टियों व रस्सियों से बांधकर उखाड़कर ले गए.

### एक नजर में

## चुनाव की तैयारी पर नेपाल-भारत के बीच संवाद

**काठमांडू, 10 नवबंर.** नेपाल में अगले वर्ष मार्च में होने वाले आम चुनावों से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है. हाल में हुए राजनीतिक संघर्ष के बाद अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अगुवाई में नई सरकार ने सत्ता संभाली है और अब सभी प्रमुख दल आगामी प्रतिनिधि सभा चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं. इसी बीच भारत और नेपाल के बीच रविवार को अहम कूटनीतिक मुलाकात हुई. भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के गृहमंत्री ओम प्रकाश आर्यल से मुलाकात कर आगामी चुनावों से जुड़े सुरक्षा और सीमा प्रबंधन के विषयों पर चर्चा की. यह बैठक काठमांडू स्थित गृह मंत्रालय में आयोजित की गई.

## 89 साल की उम्र में धर्मेंद्र की बिगड़ी तबीयत



**मुंबई, 10 नवंबर.** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की तबीयत बिगड़ गई. परिवार के करीबियों ने कहा कि वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती हैं. धर्मेंद्र को एक हफ्ते से सांस लेने में तकलीफ की शिकायत थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. इस साल अप्रैल में धर्मेंद्र की आंख का ग्राफ्ट ऑपरेशन हुआ था. बता दें कि 8 दिसंबर 2025 को वे 90 साल के हो जाएंगे. उनके जन्मदिन को लेकर फैंस में बहुत उत्सुकता है. सभी धर्मेंद्र का स्वास्थ्य ठीक होने की कामना कर रहे हैं. धर्मेंद्र ने 1960 में फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे से बॉलीवुड में कदम रखा था. शुरुआती दौर में उन्होंने अनपढ़, बंदिनी, अनुपमा और आया सावन झूम के जैसी फिल्मों में आम आदमी के किरदार निभाए.

# कर्नाटक में कानून-व्यवस्था लचर अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट

**आरोप : जेलों में आतंकियों को मिल रही कई सुविधाएं**

**नई दिल्ली, 10 नवम्बर. भाजपा ने सोमवार को कांग्रेस की कर्नाटक सरकार पर कानून व्यवस्था को बदहाल करने एवं अपराधियों को जेल के बाहर और भीतर आश्रय देने का आरोप लगाया.**

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता आरोप लगाया कि कर्नाटक में सत्ता के संघर्ष में कानून व्यवस्था बदहाल है, अपराधियों में कानून का कोई भय नही है, बलात्कार, हत्या की घटना आम हो गयी है. इतना ही नहीं राज्य सरकार जेल में बंद आतंकियों, बलात्कारी, हत्यारोपी को सरकार सुख सुविधा के साथ अय्याशी का सामान उपलब्ध करा रही है.

पूनावाला ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से लेकर फरीदाबाद तक, सुरक्षा एजेंसियां और सजगता से आतंकवाद की किसी भी घटना को होने से पहले ही आतंकियों के नापाक इरादों का भंडाफोड़ कर रही हैं. वहीं, कांग्रेस शासित कर्नाटक में इस्लामिक टेरर प्लॉट का भंडाफोड़ हुआ है. श्री पूनावाला ने कहा कर्नाटक सरकार की ओर से जेल में बंद इस्लामिक आतंकवादी को वीवीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है.

# ऑपरेशन सिंदूर में घरेलू हथियारों का दम

**राजनाथ सिंह ने स्वदेशी प्लेट फार्मों की सफलता पर प्रकाश**

**नई दिल्ली 10 नवम्बर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में दिए गए एक संबोधन में यह स्पष्ट किया कि हालिया ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी प्लेटफार्मों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने देश के सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों की विश्वसनीयता एवं क्षमता को पूरी तरह प्रमाणित किया है.**

उन्होंने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में देश का रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ रूपये रहा, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का योगदान 71.6प्रतिशत था. इस उपलब्धि को उन्होंने 'आत्मनिर्भर भारत' की ओर एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना. समारोह के अवसर पर उन्होंने चार प्रमुख रक्षा उपक्रमों को मिनीरत्न का दर्जा दिया, जो स्वायत्तता, क्षमता विस्तार एवं नवाचार के बढ़ते संकेत हैं. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढाने में रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के योगदान की सराहना करते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी प्लेटफार्मो का उत्कृष्ट प्रदर्शन इन उपक्रमों की विश्वसनीयता और क्षमता को साबित करता है.

> रक्षा मंत्री ने देश के रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम को मजबूत करने और आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाने में इन उपक्रमों के निरंतर योगदान की सराहना की. उन्होंने कहा, हमारे सभी 16 उपक्रम देश की आत्मनिर्भरता के मजबूत स्तंभ के रूप में काम कर रहे हैं. ऑपरेशन सिंदूर जैसे ऑपरेशनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन स्वदेशी प्लेटफार्मों की विश्वसनीयता और क्षमता को साबित करता है. श्री सिंह ने चार उपक्रमों के मिनीरत्न का दर्जा हासिल करने को रक्षा क्षेत्र में उनकी बढ़ती दक्षता, स्वायत्तता और योगदान का प्रतीक बताया. 2021 में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड को सात नए उपक्रमों में बदलने से कामकाज की अधिक नवाचार व प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला है.



## दिल्ली में अस्पताल के पास निर्माण पर रोक

**नई दिल्ली, 09 नवंबर.** दिल्ली की तीस हजारी अदालत ने संजय नगर स्थित एक विवादित खुले हरित क्षेत्र में किसी भी अनधिकृत निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए निरोधक आदेश जारी किया है. आदालत ने एनकेएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का संचालन करने वाली ब्रैम हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया. हेल्थ केयर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु जोशी ने तर्क दिया कि प्रतिवादी अस्पताल के गेट नंबर 4 के पास, एमसीडी पार्क के सामने स्थित सरकारी, सार्वजनिक और कृषि भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कर रहे थे. जैनेंद्र कुमार एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के पुत्र हैं.

## लैंड फॉर जॉब केस में टला फैसला अब 4 दिसंबर को होगा फैसला

**पटना, 10 नवंबर. बिहार विधानसभा चुनाव के मतदान से ठीक एक दिन पहले राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार को बड़ी राहत मिली है.**

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले में लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती, हेमा यादव और तेज प्रताप यादव समेत अन्य आरोपियों पर आरोप तय करने के फैसले को 4 दिसंबर तक के लिए टाल दिया है.

दरअसल ये मामला उस कथित घोटाले से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि रेलमंत्री रहते हुए लालू प्रसाद यादव ने निजी लोगों से जमीन लेकर उन्हें रेलवे में नौकरी दिलाई थी. इस मामले में सीबीआई ने लालू परिवार समेत 100 से ज्यादा लोगों को आरोपी बनाया है. सीबीआई की चार्जशीट के मुताबिक इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ. जांच एजेंसी का दावा है कि जमीन की खरीद के ज्यादातर सौदे नकद में किए गए और कुछ ही डील्स में सेल डीड्स दर्ज की गईं. पिछली सुनवाई में अदालत ने सिर्फ आईआरसीटीसी होटल घोटाले से जुड़े आरोपों पर ही चार्ज तय किए थे.

### आज का इतिहास

1483 ईसाई धर्म में एक नई धारा की शुरुआत करने वाले मार्टिन लूथर का जन्म।

1848 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापकों में से एक और पार्टी के सम्मानित नेता सुरेन्द्रनाथ बनर्जी का जन्म।

1885 गोटलिएब डेमलेर ने दुनिया की पहली बाइक पेश की।

1931 हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार गंगाप्रसाद अग्निहोत्री का निधन।

1950 अमेरिका के लेखक विलियम फॉकनर को साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया गया।

1951 संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव 96 को स्वीकार किया।

## नए उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे शहरी सहकारी बैंक क्षेत्र : शाह

**नई दिल्ली 10 नवंबर. केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पिछले 4 साल में देश का शहरी सहकारी बैंक क्षेत्र और सहकारी क्रेडिट सोसायटी क्षेत्र नए उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे हैं.**



श्री शाह ने आज यहां शहरी सहकारी ऋण क्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को-ऑप कुंभ-2025 कार्यक्रम में कहा कि अर्बन सहकारी बैंक और क्रेडिट सोसायटी के सहकारिता कुंभ का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में हो रहा है. पिछले 3-4 साल में देश का अर्बन कोऑपरेटिव बैंक क्षेत्र और कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी क्षेत्र नए उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे हैं. को-ऑप कुंभ 2025 के दौरान पॉलिसी, तकनीक और नवाचार के विषय पर इस क्षेत्र से जुड़ी कई संभावनाओं का दोहन करने के लिए विचार होगा. उन्होंने कहा कि को-ऑप कुंभ 2025 के ज़रिए अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों के विस्तार का हमारा स्वप्न बहुत जल्दी पूरा होगा. सहकार डिजी-पे और सहकार डिजी-लोन को अंब्रेला संगठन द्वारा लांच किया.

# छह सीटों पर प्रत्याशियों के बीच मुकाबला

**पटना, 10 नवंबर. बिहार में 11 नवंबर को दूसरे और अंतिम चरण के 122 सीटों पर होने वाले चुनाव में छह सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशियों के बीच 'दोस्ताना' मुकाबला होगा. इनमें से छह सीटें कहलगगांव, सुल्तानगंज, चैनपुर, सिकंदरा (सुरक्षित), करहगर और नरकटियागंज में महागठबंधन के प्रत्याशी अपने ही गठबंधन के योद्धाओ को चुनौती देते नजर अयेंगे.**

बिहार में इस बार के चुनाव में महागठबंधन के घटक दलों में राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी), भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) शामिल है. दूसरे चरण में राजद ने 71, कांग्रेस ने 36, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा माले) ने 06, वीआईपी ने आठ, भाकपा ने चार और माकपा ने एक सीट पर अपने उम्मीदवार खड़े किये है. राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी कहलगगांव, सुल्तानगंज, सिकंदरा और नरकटियागंज में आमने-सामने हैं, वहीं चैनपुर में वीआईपी और राजद के बीच मुकाबला है, जबकि करगहर में भाकपा और कांग्रेस के उम्मीदवार एक दूसरे के खिलाफ चुनावी अखाड़े मे हैं. कहलगांव सीट पर कांग्रेस के प्रवीण सिंह कुशवाहा और राजद के रजनीश भारती आमने सामने हैं. जदयू ने यहां दिग्गज कांग्रेस नेता सदानंद सिंह के पुत्र शुभानंद मुकेश को उम्मीदवार बनाया है. भाजपा से टिकट नहीं मिलने से नाराज पवन कुमार यादव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे हैं. इस सीट पर 13 उम्मीदवार चुनावी रण में डटे हुए हैं. विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के केन्द्र बाबा की नगरी के रूप में प्रसिद्ध भागलपुर जिले के सुल्तानगंज सीट पर कांग्रेस के ललन कुमार का मुकाबला अपने ही गठबंधन के घटक दल राजद के चंदन सिन्हा से हो रहा है. जनता दल यूनाईटेड (जदयू) ने विधायक ललित नारायण मंडल को प्रत्याशी बनाया है. इस सीट पर 14 प्रत्याशी चुनावी रणभूमि में डटे हुये है. सिकंदरा (सुरक्षित) सीट पर राजद के उम्मीदवार पूर्व विधान सभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी का सामना कांग्रेस के विनोद चौधरी से है.

### दशक के अन्याय के अंत के लिए सरकार बनाएं : खरगे



**नई दिल्ली.** बिहार विधानसभा के लिए दूसरे और अंतिम चरण के मतदान से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि राज्य में 20 साल जारी अराजकता को खत्म करने और सबको न्याय दिलाने के वास्ते वे महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें. श्री खरगे ने कहा कि बिहार के लोग दो दशक से अन्याय सह रहे हैं और मतदाता इसका अंत करने के लिए महाठबंधन के पक्ष में वोट करें. उन्होंने वादा करते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार बिहार के लोगों को दो दशकों की लाचार और भ्रष्ट व्यवस्था से मुक्ति दिलाएगी तथा समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम करेगी. श्री खरगे ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, अब पलायन रुकेगा, युवाओं के भविष्य से अंधेरा छंटेगा, हर घर नौकरी से उनका कल संवरेगा. अन्याय का करेंगे अंत, सामाजिक न्याय से बदलेंगे बिहार. हमारा वादा है-महागठबंधन दलित, महादलित, आदिवासी, पिछड़े, अति-पिछड़े, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है.

### पैसे बांटने पर बीजेपी कैंडिडेट पर एफआईआर

**पटना.** बिहार में दूसरे फेज के लिए मंगलवार को वोटिंग होनी है। वोटिंग से पहले पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां लगातार चेकिंग कर रही है. मोतिहारी से बीजेपी कैंडिडेट लालबाबू प्रसाद गुप्ता पर पैसे बांटने के मामले में एफआईआर हुई है। इसके अलावा आरजेडी कैंडिडेट देवा गुप्ता के समर्थक को भी पुलिस ने 3 लाख कैश के साथ पकड़ा है। मोतिहारी की चिरैया विधानसभा से बीजेपी विधायक और एनडीए प्रत्याशी लालबाबू प्रसाद गुप्ता का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में वो मतदाताओं को पैसे बांटते दिखाई दे रहे हैं। इधर, मोतिहारी पुलिस ने एक आरजेडी समर्थक को गिरफ्तार किया है। उस पर मतदाताओं को लुभाने के लिए पैसे और पार्टी सामग्री बांटने का आरोप है। पुलिस ने उसके पास से 3 लाख कैश और राजद प्रत्याशी देवा गुप्ता की प्रचार सामग्री जब्त की है.

## हरियाणा पुलिस अधिकारी आत्महत्या केस, हाईकोर्ट ने मांगी जांच रिपोर्ट

**चंडीगढ़, 10 नवंबर.** हरियाणा के भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी वाई. पूरन कुमार आत्महत्या मामले में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने चंडीगढ़ प्रशासन से जांच की स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति संजीव बेरी की खंडपीठ ने सोमवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा कि अब तक जांच कहां तक पहुंची है और क्या यह मामला केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने की शर्तों को पूरा करता है या नहीं। उच्च न्यायालय में इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग को लेकर याचिका दायर की गयी थी.

**यात्रा** | **ओडिशा पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान**

# केंद्र की योजनाएं बदलेंगी किसानों की जिंदगी

**भुवनेश्वर/नई दिल्ली, 10 नवंबर. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के ओडिशा प्रवास के दौरान उनकी अध्यक्षता में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीति पर एक बैठक में विस्तृत चर्चा हुई.**



इस महत्वपूर्ण बैठक में ओडिशा के उप मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री कनक वर्धन सिंह देव तथा केंद्र व राज्य के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, वहीं केंद्रीय कृषि सचिव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक वर्चुअल जुड़े थे. बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं भी राज्य सरकार के माध्यम से किसानों की जिंदगी बदलने का काम करेगी. हमेशा मन में तड़प रहती है किसानों की प्रगति हों, इसीलिए यहीं सोच है कि कृषि मंत्री केवल दिल्ली में कृषि भवन में बैठकर काम करें तो किसानों का भला नहीं होगा.

> उन्होंने कहा कि गर्व है कि यहां प्राकृतिक खेती करने वाले किसान भी हैं, हमारे किसान सब्जियों की बहुत अच्छी खेती कर रहे हैं, मैंने उनसे पूछा-तकलीफ क्या है, तो वे बोले कि जब उपज बेचते हैं तो सस्ती बिकती है, वहीं उपभोक्ताओं को दोगुनी कीमत पर मिलती हैं, इसलिए ऐसा तरीका निकाला जाएं,जिससे किसानों को समुचित दाम मिलें, वहीं उपभोक्ताओं को सस्ता मिलें. किसानों का परिवहन खर्चा बचें.